आज़ादी का अमृत महोत्सव

भारत प्रतिभूति मुद्रण तथा मुद्रा निर्माण निगम लिमिटेड
मिनिरत्न श्रेणी-I, सीपीएसई
(भारत सरकार के पूर्ण स्वामित्वाधीन)
Security Printing and Minting Corporation of India Limited
Miniratna Category-I, CPSE
(Wholly owned by Government of India)

Azadi Ka Amrit Mahotsav

अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक
Chairman & Managing Director

संदेश

हिन्दी दिवस 14 सितम्बर, 2022 की हार्दिक शुभकामनाएं!

देश आजादी की 75वीं वर्षगाँठ मना रहा है। चारों ओर पूरे जोश एवं उत्साह का वातावरण है। एक ओर देश की आजादी के लिए बलिदान देने वाले हमारे वीर स्वतंत्रता सेनानियों के शौर्य एवं पराक्रम का स्मरण करते हुए उनको श्रद्धांजलि दी जा रही है, वहीं दूसरी तरफ देश को आत्मनिर्भर बनाने की योजनाएँ, पर्यावरण के संरक्षण, आम नागरिकों के स्वास्थ्य तथा देश की प्रगति के लिए विभिन्न अभियान सफलतापूर्वक चलाए जा रहे हैं।

हमारे निगम में भी इस प्रकार के प्रेरक अभियान सफलतापूर्वक चलाए जा रहे हैं जिनमें पर्यावरण के संरक्षण के लिए निगम कार्यालय सहित सभी इकाइयों ने अपने-अपने क्षेत्र में 1000 पेड़ लगाए। अपने गौरवमयी उत्पादों की विकास गाथा को दर्शाते हुए आम जनता के लिए निशुल्क प्रदर्शनियां लगाई गई। योग दिवस के अवसर पर विशाल योग शिविर का आयोजन किया गया।

इस माहौल में हिन्दी दिवस का मनाना हमें इस अभियान से जोड़ने में और अधिक मदद करेगा। इस वातावरण का प्रभाव कार्यालय में हिन्दी के प्रयोग को लेकर भी देखने को मिला है। निगम कार्यालय सहित सभी इकाइयों में राजभाषा कार्यान्वयन के सभी महत्वपूर्ण बिन्दुओं का पूर्ण गंभीरता से अनुपालन किया जा रहा है। हमें इस कार्य प्रगति को निरंतर बनाए रखना है।

मैं सभी से आह्वान करती हूं कि कार्यालय का अधिक से अधिक कामकाज हिन्दी में करने के साथ-साथ दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें तथा राजभाषा के प्रचार-प्रसार में अवश्य अपना योगदान दें।

तृप्ति घोष

(तृप्ति पात्रा घोष)

16वीं मंजिल, जवाहर व्यापार भवन, जनपथ, नई दिल्ली-110001
16th Floor, Jawahar Vyapar Bhawan, Janpath, New Delhi - 110001
फोन./Tel.: +91-11-23701220, 43582220, फैक्स/Fax :+91-11-43582276
ई-मेल/E-mail : cmd@spmcil.com, वैब./Web.: www.spmcil.com
CIN : U22213DL2006GOI144763

हिंदी आसान है, इसका प्रयोग बढ़ाइए